UK Health
Security
Agency

NHS

# हेपाटाइटिस बी

## गर्भावस्था के दौरान और आपके बच्चे के जन्म के बाद आपकी देखभाल के लिए एक मार्गदर्शिका



immunisation

अपनी और अपने बच्चे की सुरक्षा
का सबसे सुरक्षित तरीका





# इस पुस्तिका में क्या है?


4 आपका स्क्रीनिंग जाँच परिणाम और इसका क्या मतलब है

5 हेपाटाइटिस बी क्या है?

5 मुझे हेपाटाइटिस बी कैसे हुआ?

6 अपनी देखभाल की योजना बनाना

7 अपने उपचार और देखभाल की निगरानी करना

8 अपने बच्चे की देखभाल

9 आपके बच्चे का टीकाकरण कार्यक्रम

10 जब आप घर जाएँ

11 किसे जानने की जरूरत है?

# आपका स्क्रीनिंग जाँच परिणाम और इसका क्या मतलब है







आपने हाल ही में कुछ रक्त जाँच कराए थे। एक परिणाम से पता चला है कि आपको हेपाटाइटिस बी नामक संक्रमण है।

**यह पत्रक आपको बताएगा कि हेपाटाइटिस बी क्या है और इसका आपके, आपके बच्चे और आपके परिवार के लिए क्या मतलब है।**

इस पत्रक में आपको स्वस्थ रखने के लिए गर्भावस्था के दौरान आवश्यक देखभाल और आपके बच्चे और परिवार के अन्य सदस्यों के लिए आवश्यक देखभाल के बारे में जानकारी शामिल है।

आपकी गर्भावस्था के दौरान आपकी देखभाल एक विशेषज्ञ टीम द्वारा की जाएगी जो इस पत्रक में दी गई सारी जानकारी बताएगी, जिसमें आप जहां रहती हैं वहां उपलब्ध देखभाल का विवरण भी शामिल है और वे आपके या आपके साथी के किसी भी प्रश्न का उत्तर देगी।

टीम में एक स्क्रीनिंग दाई, एक विशेषज्ञ नर्स, लिवर देखभाल में विशेषज्ञता वाला एक डॉक्टर, एक प्रसूति विशेषज्ञ, एक फार्मासिस्ट और आपका GP, प्रैक्टिस नर्स और स्वास्थ्य विजिटर शामिल हो सकते हैं।

## हेपाटाइटिस बी क्या है?

**हेपाटाइटिस बी एक वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है। वायरस एक प्रकार का रोगाणु होता है जो संक्रमण और बीमारी का कारण बन सकता है।**

यह वायरस आपके लिवर की जलन (सूजन) सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है और इसके परिणामस्वरूप लिवर में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं, जिसमें घाव (सिरोसिस) और कैंसर भी शामिल है। लीवर शरीर का सबसे बड़ा और बहुत महत्वपूर्ण अंग है । यह कई कार्य करता है जिनमें शामिल हैं:

- अपना खून साफ करना
- आपके द्वारा खाए गए भोजन को पचाने में मदद करने के लिए पित्त का उत्पादन करना
- आपको ऊर्जा देने के लिए अपने भोजन से चीनी स्टोर करना

## मुझे हेपाटाइटिस बी कैसे हुआ?

**हेपाटाइटिस बी संक्रमण दुनिया के कुछ हिस्सों में अधिक आम है। संक्रमण एक ऐसी बीमारी है जो आपको किसी और से हो सकती है। यह आपसे दूसरे लोगों में भी फैल सकता है।**

हेपाटाइटिस बी वायरस संक्रमित व्यक्ति के रक्त या शरीर के तरल पदार्थ में पाया जाता है। शारीरिक तरल पदार्थ में रक्त, वीर्य, लार और योनि से निकलने वाला तरल पदार्थ जैसी चीजें शामिल हैं।

यह चुंबन, हाथ पकड़ने, गले लगने, खांसने, छींकने या क्रॉकरी और बर्तन साझा करने से नहीं फैलता है।

**यह इन तरीकों से फैल सकता है:**

- गर्भावस्था या जन्म के दौरान माँ से बच्चे को
- बिना कंडोम के साथ सेक्स करने के दौरान
- संक्रमित सुई या दवा उपकरण साझा करने से
- टैटू, शरीर छेदन, या चिकित्सा या दंत उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले गैर-जीवाणुरहित उपकरणों के माध्यम से
- टूथब्रश या रेज़र पर थोड़ी मात्रा में खून लगे होने से
- उन देशों में परिवारों के भीतर (बच्चे से बच्चे को) जहां संक्रमण आम है



# अपनी देखभाल की योजना बनाना

**अपना ख्याल रखना और अपने सभी अपॉइंटमेंट में भाग लेना बहुत महत्वपूर्ण है।**

आपकी गर्भावस्था और जन्म के दौरान आपकी देखभाल की योजना बनाने के लिए विशेषज्ञ टीम आपके साथ काम करेगी।

**वे आपको इसके बारे में जानकारी देंगे:**

- जन्म के समय और 12 महीने तक के बच्चे को टीकाकरण (इंजेक्शन) करवाकर कैसे सुरक्षित रखें
- अपने साथी, अन्य बच्चों या परिवार या घर के किसी अन्य सदस्य के लिए जांच

आपके रक्त में हेपाटाइटिस बी वायरस कितना है, इसका पता लगाने के लिए आपको कुछ और रक्त जांच कराने की आवश्यकता होगी। ये हमें बताएंगे कि क्या आपकी संक्रामकता कम है या अधिक है।

फिर हम इन परिणामों के आधार पर आपके और आपके बच्चे के लिए सर्वोत्तम उपचार और देखभाल की योजना बना सकते हैं।

यदि वायरस का स्तर अधिक है तो आपकी विशेषज्ञ टीम आपको वायरस के स्तर को कम रखने के लिए गोलियां लेने के लिए कह सकती है। आपके लीवर के स्वास्थ्य की जांच के लिए आपका स्कैन भी किया जा सकता है।

हम आपकी गर्भावस्था के अंत के करीब आपसे मिलकर चर्चा करेंगे कि आपके बच्चे के जन्म के समय क्या होगा और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे।

हेपाटाइटिस बी आपके बच्चे के जन्म के तरीके को प्रभावित नहीं करता है। यह सिजेरियन प्रसव का कारण नहीं बनता है।

आप अपने बच्चे को सुरक्षित रूप से स्तनपान करा सकती हैं। आपको और आपके बच्चे को स्वस्थ रखने के लिए बच्चे के जन्म के बाद आपकी सभी अपॉइंटमेंट में भाग लेना बहुत महत्वपूर्ण है। टीम आपके या आपके परिवार के किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए मौजूद है।



## अपने उपचार और देखभाल की निगरानी करना

**UK स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी (UKHSA) का कानूनी कर्तव्य है कि वह हेपाटाइटिस बी जैसी उल्लेखनीय बीमारियों की संक्रामक रोग निगरानी करे। इसका मतलब है कि वायरस और बीमारी पर नजर रखना कि क्या यह बदलता है और हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले टीके की जांच करना कि ये काम कर रहें हैं या नहीं ।**

यह जानना महत्वपूर्ण है कि क्या वायरस आपके बच्चे तक पहुंचा है, यह कब और कैसे पहुंचा। ऐसा करने के लिए हम विशेषज्ञ के पास जांच के लिए भेजने के लिए आपके और आपके बच्चे के रक्त के नमूने लेने की आपकी अनुमति मांगेंगे:

सभी महिलाएं और बच्चे

- गर्भावस्था की शुरुआत में आपके रक्त का एक छोटा सा नमूना
- 12 महीने की उम्र में आपके बच्चे का एक छोटा रक्त नमूना
- यदि आपकी संक्रामकता अधिक है तो हमें इसकी भी आवश्यकता है:
- आपके बच्चे के जन्म के बाद आपके रक्त का एक छोटा सा नमूना
- जन्म के समय आपके बच्चे की एड़ी से खून के 3 छोटे बूंदें*



इसके बाद इसकी तुलना बच्चे के एक साल का होने पर किए गए परीक्षण से की जा सकती है और इससे वैज्ञानिकों को यह समझने में मदद मिलेगी कि वायरस कैसे व्यवहार कर रहा है।

* ध्यान दें: आपके बच्चे के जन्म के समय लिया गया रक्त का नमूना 'हील प्रिक' परीक्षण से भिन्न होता है, जब आपका बच्चा 5 दिन का होता है और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे का स्क्रीनिंग टेस्ट भी किया जाए।



# अपने बच्चे की देखभाल

**यदि आप सुनिश्चित करें कि आपके बच्चे को समय पर टीकाकरण हो तो हेपाटाइटिस बी संक्रमण को रोका जा सकता है।**

टीकाकरण से आपके बच्चे के संक्रमित होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी।

हेपाटाइटिस बी से पीड़ित माताओं से पैदा होने वाले शिशुओं को अतिरिक्त सुरक्षा की आवश्यकता होती है। अतिरिक्त इंजेक्शन आपके बच्चे के जन्म के तुरंत बाद और जब वे 4 सप्ताह और 12 महीने के हो जाते हैं, दिए जाते हैं।

यदि आपकी गर्भावस्था के दौरान वायरस का स्तर उच्च था, तो आपके बच्चे को जन्म के तुरंत बाद हेपाटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन (immunoglobulin) (HBIG) नामक एक और अतिरिक्त इंजेक्शन की भी आवश्यकता होगी।

जब आपका बच्चा 8 सप्ताह का हो जाएगा तो वे सभी बच्चों को दिए जाने वाले नियमित बचपन के टीकाकरण शुरू कर देंगे। इनमें हेपाटाइटिस बी का टीका भी शामिल है।

## याद रखें:

बारह महीनों में, जब आपके बच्चे को सभी टीके लग चुके होते हैं, तो यह पता लगाने के लिए रक्त जाँच की आवश्यकता होती है कि क्या आपके बच्चे को हेपाटाइटिस बी संक्रमण है या नहीं।



## आपके बच्चे का टीकाकरण कार्यक्रम

**आपके बच्चे को हेपाटाइटिस बी से बचाने के लिए कुल 6 टीकाकरणों की आवश्यकता होगी। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आपके बच्चे को ये सभी टीके दिए जाएं।**

### टीकाकरण 1 - सिंगल हेपाटाइटिस बी

अस्पताल में शिशु के जन्म के तुरंत बाद। कुछ शिशुओं को अतिरिक्त सुरक्षा के लिए इम्युनोग्लोबुलिन (HBIG) के दूसरे इंजेक्शन की भी आवश्यकता होती है।

1 दिन

### टीकाकरण 2 - सिंगल हेपाटाइटिस बी

4 सप्ताह में - सुनिश्चित करें कि आपने बच्चे का GP के पास पंजीकरण करा लिया है।

4 सप्ताह

### टीकाकरण 3

8 सप्ताह में नियमित बचपन का टीकाकरण जिसमें हेपाटाइटिस बी शामिल है।

8 सप्ताह

### टीकाकरण 4

12 सप्ताह में नियमित बचपन का टीकाकरण जिसमें हेपाटाइटिस बी शामिल है।

12 सप्ताह

### टीकाकरण 5

16 सप्ताह में नियमित बचपन का टीकाकरण जिसमें हेपाटाइटिस बी शामिल है।

16 सप्ताह

### टीकाकरण 6 - सिंगल हेपाटाइटिस बी

12 महीने में, यह पता करने के लिए आपके बच्चे की रक्त जाँच कराने की भी आवश्यकता होगी कि क्या उन्हें हेपाटाइटिस बी है। यह बहुत महत्वपूर्ण है।

12 महीने




सभी अपॉइंटमेंट पर अपनी लाल किताब ले जाना याद रखें या स्वास्थ्य पेशेवरों को इसे ऑनलाइन भरने के लिए याद दिलाएँ।

# जब आप घर जाएँ

## अपने बच्चे का जन्म पंजीकृत करें

इंग्लैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में सभी जन्मों को बच्चे के जन्म के 42 दिनों के भीतर पंजीकृत किया जाना चाहिए। अगर आप शादीशुदा हैं तो आपके पति अकेले ही यह काम कर सकते हैं। आपको जन्म प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## अपने बच्चे को अपने GP के पास पंजीकृत करें

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपको आवश्यक सभी देखभाल प्राप्त हो, आपको और आपके बच्चे को GP के साथ पंजीकृत होने की आवश्यकता है।

अपने बच्चे को जन्म लेते ही पंजीकृत करें ताकि आप बच्चे के 4 सप्ताह के टीकाकरण के लिए बुकिंग कर सकें। यदि आपके पास जन्म प्रमाण पत्र है तो ऐसा करना आसान होगा। यदि आपको इससे कोई समस्या है तो अपनी दाई या स्वास्थ्य विजिटर को बताएं।

## भविष्य की देखभाल

किसी भी अस्पताल सहित आपके और आपके बच्चे के लिए की गई सभी अपॉइंटमेंट को विशेषज्ञ टीम के साथ बुक करके रखना महत्वपूर्ण है।

जब शिशु 6 सप्ताह का हो जाए तो आपको और आपके शिशु को अपने GP के पास जाने की आवश्यकता होगी, ताकि यह जाँच किया जा सके की जन्म के बाद आप और आपका शिशु ठीक हैं।

## आपके और आपके बच्चे के बारे में किसे जानने की जरूरत है?

हमें आपकी और आपके बच्चे की देखभाल में शामिल सभी लोगों को यह बताना होगा कि आपको हेपाटाइटिस बी है, ताकि हम:

- आपकी देखभाल की योजना बना सकें और सुरक्षित रूप से आपकी देखभाल कर सकें
- विशेषज्ञ टीमों के साथ आपकी आवश्यक सभी अपॉइंटमेंट बुक कर सकें
- आपके बच्चे की देखभाल और भविष्य के टीकाकरण के लिए सभी अपॉइंटमेंट बुक कर सकें।

आपको हेपाटाइटिस बी होने के बारे में अन्य पेशेवरों को बताने के लिए हमें आपकी अनुमति की आवश्यकता है। इनमें शामिल हैं:

- GP
- आपका स्वास्थ्य विजिटर
- बाल स्वास्थ्य सूचना सेवा जो आपके बच्चे के सभी टीकाकरणों और नवजात स्क्रीनिंग परीक्षणों के परिणामों को रिकॉर्ड करती है

UK स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी यह सुनिश्चित करने के लिए जानकारी एकत्र करती है कि स्क्रीनिंग और टीकाकरण कार्यक्रम सुरक्षित और प्रभावी हैं।

**इस वेबसाइट पर जाकर देखें कि UK स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी और NHS आपकी जानकारी का उपयोग और सुरक्षा कैसे करते हैं**
**www.gov.uk/phe/screening-data**



# जानकारी

**NHS**

www.nhs.uk/conditions/hepatitis

**अपने बच्चे के जन्म का पंजीकरण कराना**

www.gov.uk/register-birth

**अपने बच्चे का GP के पास पंजीकरण कराना**

www.nhs.uk/using-the-nhs/nhs-services/gps/how-to-register-with-a-gp-practice/

**आपके बच्चे का व्यक्तिगत बाल स्वास्थ्य रिकॉर्ड (लाल किताब)**

www.nhs.uk/conditions/pregnancy-and-baby/baby-reviews/#the-personal-child-health-record-red-book

NHS

© Crown copyright 2023. Version 2. UK Health Security Agency Gateway Number 2023-485. Product code: 2019256HBHI Hindi. 1P 5K NOV 2023 (APS). To order more copies of this asset, please visit: www.healthpublications.gov.uk or call 0300 123 1002.